महत्वपूर्ण एवं खास

तलवार लेकर आतंक फैलाते युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। नेवरा पुलिस ने तलवार लेकर आतंक फैलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि बीएनबी स्कूल के पास एक युवक तलवार लेकर आतंक फैला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आसिफ 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तलवार जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बार एसोसिएशन का चुनाव शुरू

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का आज सोमवार को चुनाव हो रहा है। मतदान सुबह 10 बजे से शुरू हो गया है और यह शाम 5 तक चलेगा। इस चुनाव में करीब 1,500 मतदाता वोटिंग करेंगे. वहीं काउंटिंग 31 अक्टूबर को होगी। ज्ञात हो कि 9 पदों के लिए 51 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं. इसमें अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के लिए 6, वाइस प्रेसिडेंट महिला के लिए 3, सेक्रेटरी के लिए 5, सह सचिव के लिए 6, कोषाध्यक्ष के लिए 3, लाइब्रेरी सेक्रेटरी के लिए 3 और एग्जीक्यूटिव मेंबर के लिए 19 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हो रहा है.

महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम पारदी में मतदाताओं को जागरूक करने जागरूकता निकाली गई रैली

मोहला (आरएनएस)। मोहला विकासखंड के महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम पारदी में आज मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप गतिविधि अन्तर्गत जागरूकता रैली निकाला गया। ग्रामवासी और स्कूल के बच्चों ने ग्राम भ्रमण कर जागरूकता संदेश दिया। जनपद सीईओ डॉ. कंचन वाल्दे ने मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई। नागरिकों को मतदान के महत्व से भलीभांति अवगत कराया गया। लोगों को प्रेरित किया गया कि मतदान कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में सहभागी बनकर, एक अच्छे नागरिक होने का परिचय देवें। बताया गया कि मतदान नागरिकों को प्रदत्त मौलिक अधिकार है। जिसका प्रयोग कर हम सरकार का चुनाव कर सकते हैं। मतदान से हम अपने देश की संवैधानिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। आने वाले भविष्य को हम सुखद बना सकते हैं। इस दौरान विकासखंड चिकित्सा अधिकारी सीमा ठाकुर समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी समेत अन्य विभागीय कर्मचारी-अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

धान कटाई कर रहे लोगों, समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए दिलाई गई शपथ

गौरेला पेंड्रा मरवाही। विधानसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका ऋषि महोबिया के मागदर्शन और स्वीप के जिला नोडल अधिकारी कौशल प्रसाद तेदुलकर के निर्देशन में आज विकासखण्ड पेण्ड्रा के ग्राम पतगवां में धान कटाई कर रहे लोगों सहित कोटमीकला में समूह की महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक दुर्गाशंकर सोनी ने सभी को लोकतंत्र को मजबूत बनाने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक जायसवाल, विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक मंदाकिनी कौशरिया उपस्थित थी।

38वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स के सब-जूनियर टीम चयनित

बिलासपुर (आरएनएस)। 38 वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 7 से 10 नवंबर तक नेहरू स्टेडियम कोयंबटूर, तमिलनाडु में आयोजित किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के द्वारा 20 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 33 सब-जूनियर खिलाड़ियों का चयन 38 वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के लिए किया गया है। जिसमें देश के लगभग सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से एथलेटिक्स खिलाडी शामिल होंगे। यह प्रतिस्पर्धा सब जूनियर (अंडर -14 एवं अंडर-16) व जूनियर (अंडर-18 एवं अंडर-20) आयु वर्ग में आयोजित होगा।

अंडर 14 आयु वर्ग में शुभम मुखर्जी 60 मीटर, हिडमा राम मांडवी 600 मीटर, अभिषेक कुमार हाई जंप, आदर्श अग्रवाल लांग जंप, जवीम धनवानी शाटपुट, अक्षत कुमार यादव जैवलिन थ्रो, सुष्मिता सिंह 60 मीटर, प्रियंका कुडियांम 600 मीटर, दीपिका कश्यप हाई जम्प, अक्षरा वेक लम्बी कूद, अवी पाटले शाटपुट, दिव्य कोमर्या ट्रिथलांन और अंडर 16 आयु वर्ग में राहुल कुमार 100 मीटर, धर्मवीर नेम 100 मीटर, धरमु कुमार 80 मीटर हर्डल्स, तेजस 80 मीटर हर्डल्स, एकलव्य लॉन्ग जंप, भूपेंद्र सिंह हैमर थ्रो, विजय कुमार यादव जैवलिन थ्रो।

श्याम दुबे 5000 मीटर आरडब्लू. सी.एच. दक्ष 5000 मीटर आरडब्लू. राघव वंशकार हेक्साथ्लोन, अंकित यादव 100 मीटर एवं 300 मीटर, कुमकुम खरे 300 मीटर, ईशा रानी सिंह 800 मीटर, नीलम यादव एवं शीतल कुशवाहा 2000 मीटर, मिताली विश्वास एवं संधिनी साहू शाट पुट, तानिया केवट 80 मीटर हर्डल्स, ध्रुवी साहू जैवलिन थ्रो, देविका यादव एवं युवानी 3000 मीटर रेस वाक आदि अपनी प्रतिभागिता प्रदर्शित करेंगे। इस टीम कि प्रशिक्षक जसविंदर सिंह भाटिया और रीता बिस्वास एवं प्रबंधक अंचल भगत और होमेश बघेल होगी।

इन खिलाड़ियों का किया गया चयन

चयनित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक को अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले, सचिव नीलम नामदेव एक्का, संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिंहा, आईजी अजय यादव, कलेक्टर अवनीश शरण, पुलिस अधिक्षक संतोष कुमार सिंह, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ जीएस बाम्बरा, एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष डा. जीएस पटनायक, डा. गौरव शुक्ला, महासचिव छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ अमरनाथ सिंह, आरके पिल्लई, सुरेश क्रिस्टोफर, रवि शंकर धनगर, पीजी कृष्णनन, डा अजय सिंह, डा बसंत अंचल, सुशील मिश्रा, डा. विवेक वाजपाई, डा अजय यादव, ए.एक्का, सौरभ राय, शैलेश वाजपाई, डा तार्निस गौतम, मुकेश घोरे, मोहन थापा, डा.शंकर यादव, रोहित वाजपाई, जगपाल सिंह धैलीवाल, डा सुनील गौरहा, सुदर्शन सिंह, अनिरुद्ध, कामता प्रसाद, मेजर सिंह, संदीप कुमार, दिनेश तांडी , अरुण कुमार पाल, सचिन मसीह, पपिंदर सिंह, नरेश, रणवीजय प्रताप सिंह, संजू डे, देवेंद्र राठौर, बलवीर सिंह, अनिल खोपरागड़े, पंकज तिवारी, रविद्र पटनायक, राजेश्वर राम भगत, रवि राजा, के.श्रीनु, आदित्य सिंह, प्रभा जैन, अशोक गुप्ता, पीआर भगत, एसके बघेल, एसएल यादव, एसके यादव, ऋषिदेव सिंह, वसीम, हरीस निशाद, अभिषेक सिंह, सुभाष कुमार, सुनील पटेल, दीपक साहू, विक्रम ने बधाई दी।

एनआईटी रायपुर ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया उद्घाटन

❒ ली गई भ्रष्टाचार से दूर रहने की शपथ

रायपुर (आरएनएस)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निदेशक (प्रभारी) डॉ. ए.बी. सोनी रही। रजिस्ट्रार, एनआईटी रायपुर, डॉ. पी. वाई. ढेकने, डीन (संकाय कल्याण) डॉ. डी. सान्याल, डीन (छात्र कल्याण) डॉ. नितिन जैन, प्रमुख, कैरियर डेवलपमेंट सेंटर (सी.डी.सी.), डॉ. समीर बाजपेयी, सहित सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और कर्मचारी इस दौरान उपस्थित रहे । यह कार्यक्रम एनआईटी रायपुर की मुख्य सतर्कता अधिकारी (चीफ विजिलेंस ऑफिसर) डॉ. स्वस्ति स्थापक के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है 7 इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें है। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुई। फिर डॉ. स्वस्ति स्थापक ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी और पूरे सप्ताह आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंनेइस दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह के महत्व पर भी प्रकाश डाला इसके बाद डॉ. ए.बी. सोनी ने रिश्वतखोरी का विरोध करते हुए और हितधारकों के हितों को सुनिश्चित करते हुए, भ्रष्टाचार से लडने, नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं, पारदर्शिता और कर्मचारी नैतिकता को बढ़ावा देने के लिए सभी सदस्यों को भ्रष्टाचार का विरोध करने हेतु आमंत्रित करते हुए एक अखंड प्रतिज्ञा दिलवाई।

कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान जन गण मन के गायन के साथ हुआ। पूरे सप्ताह चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत कई दिलचस्प कार्यक्रम होंगे जैसे छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए 31 अक्टूबर 2023 को निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा भिलाई स्टील प्लांट के सहायक मुख्य सतर्कता अधिकारी एस. कर द्वारा भ्रष्टाचार के प्रति सतर्कता बरतने हेतु आकर्षक व्यक्तव्य दिया जाएगा 7 इसके बाद 1 नवंबर 2023 को छात्रों के लिए एक वाद-विवाद प्रतियोगिता, 2 नवंबर 2023 को एक पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता होगी। 3 नवंबर 2023 को नुक्कड़ नाटक और फिर 4 नवंबर 2023 को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा ।

ट्रक से 1 करोड़ का साड़ी जब्त, चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

महासमुंद (आरएनएस)। चुनाव के मद्देनजर चेकिंग अभियान के दौरान महासमुंद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने ट्रक से बड़ी मात्रा में साड़ी जब्त किया है. जब्त की गई साडिय़ों की ?कीमत 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है. मामला सिंघोड़ा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के रेहटीखोल जांच नाका में पुलिस की टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी. जांच के दौरान ओडिशा की ओर से आ रही आयशर ट्रक क्र.रू॥ 04 रुश्व 5608 से पुलिस ने 16 हजार नग साड़ी बरामद किया।

इसके बाद पुलिस ने ट्रक चालक से इन साडिय़ों के संबंध में दस्तावेज मांगा, पर ड्राइवर ने कोई वैध दस्तावेज नहीं दिया. इस पर पुलिस ने झारखंड निवासी सहदेव राना को गिरफ्तार कर लिया. वहीं जब्त की गई साड़ी की कुल कीमत करीब 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक, ये साडिय़ां झारखंड के चिरकुंडा धनबाद से सूरत ले जाया जा रहा था.

प्रदेश में बदलने वाला है मौसम का मिजाज, न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने वाला है. हवा की दिशा बदल रही है. इसके चलते मौसम शुष्क रहेगा और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है. मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण न्यूनतम तापमान में सार्थक वृद्धि की संभावना है.

अभी उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते सुबह-सुबह और रात के वक्त ठंड महसूस हो रही है. शनिवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जो सामान्य से एक डिग्री कम है. वहीं नारायणपुर में सबसे न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

बता दें कुछ दिनों से रायपुर में सुबह-सुबह और रात के समय ठंड लगने लगी है. वहीं धीरे-धीरे तापमान में गिरावट आ रही है. जिससे ठंड बढने के आसार हैं. मौसम विभाग की मानें तो अभी तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है.

विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त प्रेक्षक पहुंचे रायपुर

❒ निर्वाचन प्रेक्षक प्रतिदिन निर्धारित समय पर आमजनों के लिए उपलब्ध रहेंगे

❒ मोबाईल पर भी दी जा सकेगी निर्वाचन संबंधी जानकारी

रायपुर (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर जिले के सातों विधानसभाओं के लिये आब्जर्वरों की नियुक्ति कर दी गई है। जिले में विधानसभा चुनाव से संबंधित जानकारी आम नागरिकगण अपने विधानसभा से संबंधित प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर या उनसे निर्धारित स्थान पर प्रत्यक्ष संपर्क कर प्रदान कर सकते है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा क्रमांक 50 रायपुर उत्तर हेतु नियुक्त प्रेक्षक विमला आर प्रतिदिन सुबह साढ़े दस बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक सिविल लाइन रायपुर के नये सर्किट हॉउस मीटिंग हॉल में आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगी। प्रेक्षक विमला आर से उनके वाट्सएप्प नम्बर 75870-16579 और ई-मेल पर भी संपर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार विधानसभा क्र. 49 रायपुर पश्चिम हेतु नियुक्त प्रेक्षक आई. डब्ल्यू इंगटी में सिविल लाइन रायपुर के नये सर्किट हॉउस के कमरा नंबर 303 प्रथम तल में आमजन के लिए सुबह साढ़े दस बजे से ग्यारह बजे तक उपलब्ध रहेंगे। प्रेक्षक आई. डब्ल्यू इंगटी से मोबाईल नंबर 75870-16578 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

विधानसभा क्रमांक 48 रायपुर ग्रामीण हेतु नियुक्त प्रेक्षक रविन्द्र लक्ष्मण बिनवाडे प्रतिदिन सुबह साढ़े दस बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक सिविल लाइन रायपुर के नये सर्किट हॉउस में कमरा नंबर 302 तीसरी मंजिल पर आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रेक्षक बिनवाडे से उनके वाट्सएप्प नम्बर 75870-16577 और ई-मेल पर भी संपर्क किया जा सकता है।

विधानसभा क्र. 51 रायपुर दक्षिण हेतु नियुक्त प्रेक्षक डॉ. जी. लक्ष्मीशा सिविल लाइन रायपुर के नये सर्किट हॉउस के कमरा नंबर 305 में आमजन के लिए सुबह साढ़े दस बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक उपलब्ध रहेंगे। प्रेक्षक डॉ. लक्ष्मीशा से मोबाईल नंबर 75870-16580 और ई-मेल पर भी संपर्क किया जा सकता है।

भारत निर्वाचन आयोग ने दिया अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

❒ वाहन, रैली, सभा, ध्वनि विस्तार यंत्र से प्रचार-प्रसार एवं अस्थाई कार्यालय की अनुमति 5 नवम्बर शाम 5 बजे तक

❒ निजी संपत्ति पर मालिक की लिखित अनुमति से लगाई जाएगी प्रचार सामग्री

राजनांदगांव (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जारी दिशा-निर्देश अनुसार प्रचार-प्रसार हेतु अनुमति संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दी जाएगी। मतदान दिवस हेतु अधिकतम 3 वाहनों की अनुमति पृथक से ली जा सकती है। वाहन रैली में प्रत्येक 10 वाहन के बाद 100 मीटर का गैप रखना अनिवार्य है। जिले के लिए अनुमति जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रदेश के लिए अनुमति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दी जाएगी। अस्थाई कार्यालय मतदान केन्द्र की परिधि से 200 मीटर की दूरी के बाहर ही खोले जायेंगे। अस्थाई कार्यालय में 4*8 फीट का बैनर-पोस्टर लगाया जा सकता है। शासकीय भूमि अथवा भवन पर कार्यालय नहीं खोले जा सकते है। वाहन, रैली, सभा, ध्वनि विस्तार यंत्र से प्रचार-प्रसार एवं अस्थाई कार्यालय खोले जाने की अनुमति 5 नवम्बर 2023 शाम 5 बजे तक रहेगी।

जारी निर्देशानुसार शासकीय व सार्वजनिक संपत्तियों पर प्रचार-प्रसार करना अथवा लिखना पूर्णत: निषिद्ध है। निजी संपत्ति पर मालिक की लिखित अनुमति से प्रचार सामग्री लगाई जा सकती है, जिसका विवरण अपने लेखे में देना होगा। इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रचार हेतु प्रचार की विषय वस्तु का परीक्षण एमसीएमसी राजनांदगांव से कराना एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रत्यके विधानसभा में अभ्यर्थी हेतु व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रूपए है। प्रत्येक अभ्यर्थी को अनुलग्नक ड़1 भाग क, ख, ग में निर्वाचन व्यय लेखे के रखरखाव हेतु रजिस्टर संधारित करना जरूरी है। लेखा संधारित करने के लिए एक अतिरिक्त निर्वाचन अभिकर्ता (लेखा) नियुक्त कर सकते हैं। प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रतीक चिन्ह आबंटन की तारीख से लेकर मतदान की तारीख के बीच नियत किए गए तिथियों में तीन बार लेखे का अवलोकन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लेखा दल से कराना अनिवार्य होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा सैद्धान्तिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

निर्वाचन की हुई तैयारी की समीक्षा की प्रेक्षकों ने, कलेक्टर ने दी तैयारियों की जानकारी

रायपुर (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकगणों ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में आयोजित निर्वाचन से जुडे अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले की सभी विधानसभा के व्यवस्था और निर्वाचन प्रक्रिया से जुडे विषयों की जानकारी ली। प्रेक्षकों ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव को लेकर किये गये अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे तथा विधानसभा रायपुर ग्रामीण क्रमांक-48 के प्रेक्षक रविन्द्र लक्ष्मण बिनवाडे (आई.ए.एस), विधानसभा क्रमांक-49 रायपुर पश्चिम हेतु नियुक्त प्रेक्षक इसराइल वातरे लंगटी (आई.ए.एस), रायपुर उत्तर क्रमांक-50 हेतु नियुक्त प्रेक्षक विमला आर (आई.ए.एस), विधानसभा क्रमांक-51 रायपुर दक्षिण हेतु नियुक्त प्रेक्षक डॉ.लक्ष्मीशा जी.(आई.ए.एस), आरंग क्रमांक-52 हेतु नियुक्त प्रेक्षक मीर तारिक अली (आई.ए.एस), अभनपुर क्रमांक-53 हेतु नियुक्त प्रेक्षक विष्णु प्रसाद मिश्रा (आई.ए.एस), उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर सहित सभी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य प्रभारी अधिकारी निर्वाचन उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भुरे ने बताया कि इस बार उत्तर और पश्चिम विधानसभा में महिला अधिकारियों को चुनाव संचालन का कार्य सौंपा जा रहा है। उन्हें पीठासीन अधिकारी मतदान दल में जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि व्यय अनुवीक्षण कार्य के तहत सहायक प्रेक्षकों की नियुक्ति,, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन दल, उडऩदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी टीम, लेखा टीम, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन कर उन्हें कार्यों से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दे दिया गया है तथा सभी टीमें अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से कर रही है। सभी विधानसभा क्षेत्र में कंट्रोल रूम बनाया गया है और मुख्य कंट्रोल रूम कलेक्टोरेट मे बनाया गया है। जिसका नंबर भी जारी कर दिया गया है और आने वाले शिकायतों का जल्द निवारण हो रहा है। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

बैठक में ईव्हीएम, वीवीपैट का कमिशिनिंग सहित मतदान एवं मतगणना स्थल में की गई तैयारी, वाहन व्यवस्था, सीविजीएल एप्प के माध्यम से शिकायत पर कार्यवाही,पोस्टल बैलेट,मतदान केंद्र, सेक्टर अधिकारियों,पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी गई।